39वीं वार्षिक साधारण सभा, पुस्तक बंदी तथा ई–वोटिंग जानकारी की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी की 39वीं वार्षिक साधारण सभा (''एजीएम'') मंगलवार, 29 अगस्त 2017 को 11:30 बजे सुबह कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय भारतियाग्राम, गजरौला, ज़िला अमरोहा – 244223, उत्तर प्रदेश, भारत में, कथित एजीएम के आयोजन की सूचना में निहित व्यवसायों के निष्पादन हेतु आयोजित होना निश्चित किया गया है।

कम्पनी अधिनियम, 2013 (''अधिनियम'') की धारा 108 के प्रावधानों के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 (''नियम'') के नियम 20 एवं भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकता) नियमावली, 2015 ('सूचीकरण नियमावली') की नियमावली 44 के अनुपालन में कम्पनी सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान हेतु इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग (''रिमोट ई–वोटिंग'') की सुविधा प्रदान कर रही है। तद्नुसार, एजीएम की सूचना में व्यक्त व्यवसाय के मदों को नेशनल सिक्यूरिटी डिपोज़िटी लिमिटेड, ट्रेड वर्ल्ड–ए विंग, कमला मिल्स कम्पाउड, लोवर पारेल, मुंबई–400013 (''एनएसडीएल'') द्वारा उपलब्ध कराई जा रही ई–वोटिंग सेवा के माध्यम से निष्पादित किया जा सकता है।

सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कम्पनी ने पंजीकृत डाक द्वारा 5 अगस्त 2017 और ई–मेल द्वारा 7 अगस्त 2017 को एजीएम की सूचना एवं वार्षिक रिपोर्ट जिसमें, अन्य विषयों के अतिरिक्त, 31 मार्च 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु अंकेक्षित लेखा व अंकेक्षकों तथा निदेशकों की रिपोर्ट भी है, का प्रेषण से पूर्ण कर लिया है।

सदस्यों को आगे सूचित किया जाता है कि (क) रिमोट ई–वोटिंग शनिवार, 26 अगस्त 2017 को प्रातः 9:00 बजे (भारतीय मानक समय) आरम्भ होगी तथा सोमवार, 28 अगस्त 2017 को सायं 5:00 बजे (भारतीय मानक समय) समाप्त होगी। (ख) सोमवार, 28 अगस्त 2017 को सायं 5:00 बजे (भारतीय मानक समय) के पश्चात् रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति नहीं होगी। (ग) रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति उपरोक्त दिवस तथा समय के उपरान्त नहीं होगी तथा उपरोक्त अवधि की समाप्ति पर एनएसडीएल द्वारा ई–वोटिंग मॉड्यूल निष्क्रिय कर दिया जाएगा। (घ) वोटिंग के अधिकार (रिमोट ई–वोटिंग अथवा एजीएम में मतदान–पत्र के माध्यम से वोटिंग) का आंकलन कम्पनी के साथ सदस्यों के **कट–ऑफ तिथि** अर्थात् मंगलवार, 22 अगस्त 2017 को अंशों के प्रदत्त मूल्य पर किया जायेगा। (ङ) ऐसा कोई व्यक्ति जिसने एजीएम की सूचना के प्रेषण के पश्चात् शेयरों का अधिग्रहण किया हो एवं कम्पनी का सदस्य बना हो एवं **कट–ऑफ तिथि** अर्थात् मंगलवार, 22 अगस्त 2017 को शेयर धारक हो, वह **evoting@nsdl.co.in** अथवा आरटीए को **rta@alankit.com** पर एक आवेदन (अपना नाम, फोलियो संख्या/डीपी आईडी एवं क्लाइंट आईडी, इस मामले में जैसा भी हो, एवं अंशधारिता के साथ) भेजकर यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। हांलाकि, यदि कोई व्यक्ति, रिमोट ई–वोटिंग हेतु एनएसडीएल के साथ पहले से पंजीकृत हो, वह वोटिंग हेतु अपना मौजूदा यूजर आईडी एव पासवर्ड का प्रयोग कर सकता है। यदि कोई व्यक्ति पासवर्ड भूल चुका हो तो वह **www.evoting.nsdl.com** पर उपलब्ध "Forget User Details/Password" विकल्प का प्रयोग कर अथवा टॉल फ्री नम्बर 1800–222–990 पर एनएसडीएल से सम्पर्क कर 'रिसेट' कर सकता है। (च) मतदान–पत्र के माध्यम से वोटिंग की सुविधा भी एजीएम में उपलब्ध कराई जाएगी एवं एजीएम में भाग लेने वाले सदस्य जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग द्वारा वोट नहीं किया हो वे एजीएम में मतदान पत्र द्वारा अपने अधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। (छ) सदस्य अपने वोटिंग के अधिकार का प्रयोग रिमोट ई–वोटिंग द्वारा करने के पश्चात् भी एजीएम में भाग ले सकते हैं परन्तु उन्हें एजीएम में पुनः वोट करने की अनुमति नहीं होगी। (ज) रिमोट ई–वोटिंग अथवा एजीएम में मतपत्र के माध्यम से वोटिंग का अधिकार उस व्यक्ति को होगा जिसका नाम कट ऑफ तिथि को सदस्यों के रजिस्टर अथवा डिपोज़िटरिज़ द्वारा अनुरक्षित लाभ भोगी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज हो। वह व्यक्ति जो कटऑफ तिथि को सदस्य न हो, इस सूचना को जानकारी मात्र की तरह व्यवहृत कर सकता है। (झ) एजीएम की सूचना एवं वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट **www.jubl.com** पर प्रदर्शित है। एजीएम की सूचना एनएसडीएल की वेबसाइट **www.evoting.nsdl.com** पर भी उपलब्ध है।

ई–वोटिंग निर्देश हेतु, सदस्यों से निवेदन है कि एजीएम की सूचना में दिए गए निर्देशों को देखें। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग से संबधित किसी भी प्रश्न/शिकायत के मामले में सदस्य **www.evoting.nsdl.com** के डाउनलोड अनुभाग पर उपलब्ध "Frequently Asked Questions (FAQ's) for Shareholders" एवं "Remote e-Voting user manual for Shareholders" को संदर्भित कर सकते हैं अथवा श्री अमित विशाल, वरिष्ठ प्रबंधक, एनएसडीएल को **evoting@nsdl.co.in/amitv@nsdl.co.in** पर ई–मेल अथवा टॉल फ्री नम्बर 1800–222–990/टेलीफोन 022–24994360 अथवा श्री पंकज गोयनका, सहायक उपाध्यक्ष अलंकित एसाइन्मेन्टस लिमिटेड, 1 ई/13, अलंकित हाईट्स, झंडेवालान एक्सटेंसन, नई दिल्ली–110055 से ई मेल द्वारा **rta@alankit.com** अथवा टेलीफोन नं. 011–42541234 पर संपर्क कर सकते हैं।

एजीएम की सूचना में निहित प्रस्तावों पर मतदान का परिणाम एजीएम की समाप्ति के 24 घंटों के अन्दर घोषित कर दिया जाएगा। घोषित परिणाम, संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ कम्पनी की वेबसाइट **www.jubl.com** पर एवं एनएसडीएल की वेबसाइट पर अध्यक्ष अथवा अधिकृत निदेशक के द्वारा परिणाम की घोषणा के तुरन्त बाद प्रदर्शित किया जाएगा तथा स्टॉक एक्सचेन्जों को भी संप्रेषित किया जाएगा। परिणाम पंजीकृत कार्यालय भारतियाग्राम, गजरौला, जिला अमरोहा–244 223 उत्तर प्रदेश, तथा कॉर्पोरेट कार्यालय 1ए, सेक्टर 16ए, नोएडा – 201 301, उत्तर प्रदेश में भी प्रदर्शित होगा।

अधिनियम की धारा 91 के साथ पठित उपरोक्त नियम के नियम 10 तथा सूचीकरण नियमावली की नियमावली 42 के अनुपालन में एतद् द्वारा आगे सूचित किया जाता है कि कम्पनी के सदस्यों की पुस्तक तथा शेयर ट्रांसफर पुस्तकें कम्पनी के ₹ 1/– प्रति के अंश पर ₹ 3/– प्रति अंश की दर से लाभांश